KOLHAN UNIVERSITY
CHAIBASA, WEST SINGHBHUM
Jharkhand. Pin : 83320
Phone No. 06582-25527

Rn Dist/Reg
13-7-23

D.S.W.
Ref. No. KU/DSW/......43....../2023 Date: 13/07/2023

चार वर्षीय स्नातक (सत्र 2023–27) :
विशेष नामांकन सूचना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के NEP-2020 के तर्ज पर एवं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के पत्रांकः 1072 (अनु0) दिनांक 19.07.2022, पत्रांकः 1089 दिनांक 20.07.2022, पत्रांक 01/वि0 1–63/2021–223 दिनांक 31.01.2023 एवं KU/DSW/38/2023 दिनांक 28.06.2023 के अनुसार एकाधिक प्रवेश और निकास (Multiple Entry and Exit) के साथ चार वर्षीय स्नातक (Four-Year Undergraduate Programme (FYUGP)) मुख्य/Major प्रथम सेमेस्टर सत्र 2023–27 के नामांकन (Professional & Vocational Courses को छोड़कर) हेतु तिथि का विस्तार किया जाता हैः

1. नामांकन प्रपत्र चांसलर पोर्टल (www.jharkhanduniversities.nic.in) के द्वारा ऑनलाईन (Online) आवेदन आमंत्रित है। वे सभी विद्यार्थी जो CUET के परीक्षा में शामिल हुए हो या नहीं भी हुए हो नामांकन हेतु आवेदन कर सकते है।

2. ऑनलाईन नामांकन हेतु आवेदनः	13 जुलाई से 18 जुलाई 2023 तक भरे जा सकते है।
3. प्रथम सूची का प्रकाशनः	25 जुलाई 2023 (संबंधित कॉलेज के वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे)
4. शिकायत/आपत्ति की तिथिः	19 से 20 जुलाई 2023 तक (संबंधित कॉलेज में)
5. प्रथम सूची से नामांकन :	26 जुलाई से 03 अगस्त 2023 तक
6. द्वितीय सूची का प्रकाशन (रिक्त सीट के विरूद्ध) :	04 अगस्त 2023
7. द्वितीय सूची से नामांकन की तिथि :	04 अगस्त से 11 अगस्त 2023
8. तृतीय सूची का प्रकाशन (रिक्त सीट के विरूद्ध) :	12 अगस्त 2023
9. तृतीय सूची से नामांकन की तिथि :	12 अगस्त से 18 अगस्त 2023
10. कक्षा प्रारंभ :	07 अगस्त 2023 से
11. ऑनलाईन नामांकन हेतु आवेदन शुल्क :	Rs. 200/-

सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यो/ प्रभारी प्राचार्यो को निर्देश दिया जाता है कि नामांकन संबंधी सम्पूर्ण सूचना महाविद्यालय अपने–अपने वेबसाईट (Website) एवं चांसलर पोर्टल पर प्रकाशित करना अवश्य रूप से सुनिश्चित करें।

महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य अपने महाविद्यालय में नामांकन समिति का गठन कर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के NEP-2020 दिशानिर्देशानुसार के अनुरूप (KU FYUGP NEP-2020 Guidelines Curriculum कोल्हान विश्वविद्यालय के वेबसाइड पर उपलब्ध है) नामांकन प्रक्रिया का विधिवत संचालन करेंगे। योग्य विद्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन के उपरांत ही महाविद्यालय स्तर से संबंधित विद्यार्थियों का नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र को Chancellor

Portal के माध्यम से College Login द्वारा Online सत्यापित करना सुनिश्चित करेंगे परन्तु इसके पूर्व संलग्न Application Form को संबंधित विद्यार्थी से भरवा कर अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही साथ सभी महाविद्यालय अपने संबंधित बैंक चालान के माध्यम से विद्यार्थियों से निर्धारित नामांकन शुल्क प्राप्त करना सुनिश्चित भी करेंगे क्योंकि Chancellor Portal पर Admission Done सिर्फ पंजीयन शुल्क की तर्ज पर की जायेगी। इसके बावजूद भी यदि कोई विद्यार्थी का नामांकन प्रक्रिया में त्रुटि परिलक्षित/गलती हुई एवं महाविद्यालय को आर्थिक क्षति भी हुई तो इसकी पूरी जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

सभी महाविद्यालय अपने स्तर से विद्यार्थियों को नामांकन में होने वाली हर परेशानी का यथासंभव समाधान कर नामांकन प्रक्रिया को हर हाल में समयावधि में सम्पन्न करायेंगे, जैसे हेल्पडेस्क आदि के माध्यम से।

विद्यार्थियों के लिए विशेष सूचनाः

1. स्नातक स्तरीय नामांकन Chancellor Portal पर सिर्फ **Major Paper** पर ही लिया जायेगा एवं शेष अन्य विषयों को महाविद्यालय द्वारा जारी मेधा सूची (Merit List) में नाम प्रकाशित होने के उपरांत विद्यार्थी संबंधित महाविद्यालय में नामांकन से संबंधित सभी दस्तावेजों को जमा करते हुए उसी समय महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये फार्म में भरकर जमा करना अनिवार्य है।
2. कृपया विद्यार्थी Chancellor Portal पर आवेदन करते समय **Select Discipline** में **Regular Select** करें।
3. जिन विद्यार्थियों ने CUET परीक्षा दिया है एवं Chancellor Portal पर नामांकन हेतु Online आवेदन करते समय CUET का Score नहीं डाल पाएं है, तो CUET के परीक्षा फल के प्रकाशन के उपरांत आवेदन किए गए विद्यार्थी पुनः Login करके अपना CUET का Score डाल सकते है।

नोटः सभी महाविद्यालयों के लिएः

1. प्रथम सूची से नामांकन ली गई विद्यार्थियों की सूची (Form की एक प्रति सहित) अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 10.08.2023 तक भेजना अवश्य रूप से सुनिश्चित करें।
2. द्वितीय एवं तृतीय सूची सै नामांकन ली गई विद्यार्थियों की सूची (Form की एक प्रति सहित) अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 26.08.2023 तक भेजना अवश्य रूप से सुनिश्चित करें।

ह0/-

संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण

कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

ज्ञापांक : KU/DSW/......43....../2023 दिनांक : 13/07/2023

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, सभी महाविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा।
2. The PMU TEAM, Chancellor Portal रांची के सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित।
3. विश्वविद्यालय वेबसाईट।
4. कुलपति/प्रति–कुलपति/कुलसचिव के सहायक को उनके सूचनार्थ।
5. संचिका में।

13.07.2023

संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण

कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

Rasida/DSW Office/ July 2023 DSW Office